# पार्षद ने एसडीएम बृजेंद्र मीणा को सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। करौली मार्ग स्थित रेलवे ओवरब्रिज तैयार होने के बावजूद अब तक सर्विस रोड का निर्माण नहीं हो पाया है। इससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 43 के पार्षद विकास ठेकला ने इस संबंध में एडीएम बृजेंद्र मीणा को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है। पार्षद ठेकला ने बताया कि सर्विस रोड के अभाव में आसपास की कॉलोनियों के निवासियों का आवागमन बाधित हो रहा है। क्षेत्र में उडती धूल-मिट्टी के कारण लोगों, राहगीरों और दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। स्कूली बच्चों की परेशानी भी बढ गई है, क्योंकि सिलोदा मोड से आगे स्कूल बसें नहीं पहुंच पा रही हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि एक तरफ सीवरेज की लाइन डाली जा रही है, जिसके लिए जगह-जगह खुदाई कर गहरे गड्ढे छोड दिए गए हैं। रास्ते में मलबा और पत्थर-मिट्टी के ढेर लगे हैं। सफाई न होने के कारण नालियां और नाले गंदगी व कचरे से अटे पडे हैं, जिससे पानी का निकास नहीं हो पा रहा है। गंदगी के कारण बदबू आ रही है और मच्छरों की तादाद बढने से मौसमी बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा कैलादेवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी रास्ते की समस्या से जूझना पड रहा है।

नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 43 के पार्षद विकास ठेकला ने कहा कि सर्विस रोड नहीं होने से आमजन के साथ-साथ वाहन चालकों को भी जोखिम उठाना पड रहा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सर्विस रोड का निर्माण करवाने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और आवागमन सुचारु हो सके।

# भगवान महावीर की रथयात्रा निकाली, दिखी साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल

**श्रीमहावीरजी, ( निसं )।** करौली जिले में स्थित दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी के वार्षिक लक्खी मेले के तहत गुरुवार को भगवान महावीर की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। रथयात्रा को हाईकोर्ट जज अशोक जैन ने जैन केसरिया ध्वज दिखाकर जयकारों के बीच रवाना किया।

पूरे देश से आये हुए हजारों की संख्या में श्रद्धालु रथयात्रा में शामिल हुए। आस-पास के गांवों सहित देश के कोने-कोने से आए हजारों श्रद्धालु प्रभु की रथयात्रा के इस पावन अवसर में शामिल होकर खुद को धन्य समझ रहे थे। रथयात्रा में शामिल होने के लिए ग्रामीण जन बुधवार रात ही श्री महावीरजी एवं मंदिर परिसर में आ डटे थे। समूहों में ये ग्रामीणजन रातभर लोकगीतों पर नृत्य कर प्रभु की रथयात्रा के उस अद्वितीय क्षण का इंतजार कर रहे थे। रथयात्रा के शुभारम्भ होने के लगभग दो घंटे पूर्व ही छतों एवं बरामदों में लोगों का जमा होना प्रारंभ हो गया । प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल ने मुख्य अतिथि श्री जैन को बताया कि भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ठाम - 2023 का पुरस्कार नौरंगाबाद ( श्री महावीर जी ) राजस्थान को कास्य श्रेणी में दिया गया था । कासलीवाल ने बताया कि भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा दिल्ली के विज्ञान भवन में 23 सितम्बर 2023 को आयोजित समारोह में बेस्ट टेम्पल विलेज इन इण्डिया अवार्ड से नवाजा गया। कमेटी पदाधिकारियों ने प्राप्त अवार्ड का मुख्य अतिथि हाईकोर्ट जज अशोक जैन को अवलोकन करवाया। दोपहर में 2.15


भगवान महावीर की रथयात्रा में जनसैलाब उमड़ा।

बजे मुख्य मन्दिर में भगवान महावीर की आरती एवं क्षेत्रपाल जी के चोला चढाने व आरती करने के बाद महावीर भगवान की प्रतिमा का अभिषेक किया गया। तत्पश्चात केसरिया वस्त्र पहने , रजत मुकुट लगाये एवं इन्द्रों का रूप धारण किए श्रद्धालुओं ने प्रतिमा को मंदिरजी से पालकी में लाकर बाहर पाण्डाल में स्वर्णिम आभा से सुसज्जित विशाल रथ में विराजमान किया।

तत्पश्चात हाईकोर्ट जज अशोक जैन ने मंदिर प्रांगण से निकलने वाली रथयात्रा को जयकारों के बीच जैन ध्वज दिखाकर रवाना किया। इससे पहले प्रबंधकारिणी कमेटी द्वारा मूलनायक भगवान महावीर स्वामी की मूर्ति निकालने वाले चर्मकार वंशज के प्रतिनिधि का सम्मान किया गया। इसके बाद गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी ससंघ के सानिध्य में जयकारों के बीच रथयात्रा का शुभारम्भ हुआ। सबसे आगे निशान का घोड़ा उसके बाद बैण्ड था , जो केसरिया बाना पहनकर स्वर लहरियां बिखेर रहा था। बैण्ड के पीछे 21 केसरिया ध्वज रथयात्रा को विशिष्ट स्वरूप दे रहे थे । वही पूरे देश से आये हुए विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा जयपुर सहित आसपास के गांवों कस्बों से आये हजारों श्रद्धालु जयकारे लगाते हुये भक्तिमय माहौल बना रहे थे । उसके पीछे धर्मचक्र और फिर जैन मूल संघ आमनाय भट्टारकजी की पालकी को उठाये श्रद्धालु चल रहे थे। पालकी के पीछे विशालकाय ऐरावत हाथी ठाामीणों का मन मोह रहा था। ऐरावत पर समाजश्रेष्ठी विराजमान थे । घोडो वाले नवीन रथ पर जिनवाणी को लेकर समाजश्रेष्ठी तथा

सारथी के रूप में कमेटी के मानद् मंत्री उमराव मल संघी तथा संयुक्त मंत्री रुपिन काला विराजमान थे। दूसरी बार रथयात्रा में शामिल कृत्रिम बैलों वाले नवीन मुख्य रथ पर भगवान महावीर की प्रतिमा विराजमान थी । दूसरी बार उपयोग में आये इस नवीन रथ को खीच रहे कृत्रिम बैलों को क्षेत्र कमेटी की ओर से 19 किलो चांदी की झूल ओढाई गई।

उपजिला कलेक्टर , हिण्डौन हेमराज गुर्जर व प्रबन्धकारिणी कमेटी के अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल सारथी के रूप में बैठे थे । वही रथ पर कमेटी के कोषाध्यक्ष हेमन्त सोगानी, संयुक्त मंत्री अनिल दीवान तथा कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप कुमार जैन चॅवर ढुला रहे थे ।

रथयात्रा के साथ प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य नरेश कुमार सेठी , जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन, जस्टिस नरेन्द्र कुमार जैन, सुभाष चन्द जैन जौहरी, विवेक काला, सुरेश सबलावत सहित मेले के प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा , अशोक जैन नेता , महेश काला, राज कुमार कोठ्यारी, प्रदीप जैन लाला, सुनील बख्शी, राकेश गोधा, भानू छाबडा , योगेश टोडरका, भारतभूषण जैन,अनिल जैन बनेठा, राजेश बड़जात्या,सुभाष पाटनी, पदम भौंसा, राकेश छाबड़ा, हीरा चन्द बैद ,प्रदीप ठोलिया, चन्द्रेश जैन ,अमर चन्द

■ रथयात्रा को हाईकोर्ट जज अशोक जैन ने जैन केसरिया ध्वज दिखाकर रवाना किया

दीवान खोराबीसल, महेश बाकलीवाल , सुधीर गंगवाल, अशोक गंगवाल, राजेन्द्र सेठी, ओम कटारिया, पारस मल जैन, डॉ. पी सी जैन, क्षेत्र के प्रशासक सहित कई गणमान्य श्रेष्टीजन, जयपुर सहित पूरे देश से आये हजारो श्रद्धालुगण भगवान महावीर के जयकारे लगाते चल रहे थे ।

रथयात्रा को मीणा जाति के लोग नाचते कूदते गम्भीर नदी के तट पर ले गये गम्भीर नदी के तट पर रथ यात्रा धर्मसभा में परिवर्तित हो गई । यहां दिगम्बर जैन मुनि चिन्मयानन्द महाराज , आर्यिका आर्षमति माताजी ससंघ के सानिध्य में श्रीजी की अष्टद्रव्यों से संगीतमय पूजा अर्चना के पूर्व श्री वीर संगीत मण्डल के गायक अशोक गंगवाल एण्ड पार्टी द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी गई जिस पर श्रद्धालु झूम उठे। दिगम्बर जैन क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल ने स्वागत उदबोधन देते हुए क्षेत्र एवं पूरे ठाम में वर्षभर कराये गये विकास कार्यों एवं भावी योजनाओं की जानकारी दी । साथ ही उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए क्षेत्र कमेटी द्वारा सरकार को दिये गये प्रस्तावों तथा सरकार की ओर से क्षेत्र कमेटी द्वारा प्रस्तुत मांगों एवं दिये गये प्रस्तावों पर सरकार की ओर से सकारात्मक रुख अपनाने के बारे में बताया।

## सार-समाचार

### 11 ग्राम विकास अधिकारियों को नोटिस



**गंगापुर सिटी,** (निसं)। ग्राम पंचायत उदेईखुर्द में स्वच्छता व्यवस्था में लापरवाही सामने आने पर पंचायत समिति के विकास अधिकारी डॉ. जगदीश गुर्जर ने कार्रवाई की हैं। औचक निरीक्षण के बाद ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश माली को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट जारी की गई। निरीक्षण के दौरान राज्य सरकार के निर्देशों के तहत घर-घर कचरा संग्रहण, सडकों व नालियों की सफाई, सामुदायिक शौचालयों और विद्यालयों के शौचालयों की स्थिति का जायजा लिया गया। पुराने कचरे के ढेरों की भी जांच की गई। जांच में पाया गया कि पंचायत स्तर पर स्वच्छता मानकों का उचित पालन नहीं हो रहा था और संबंधित गतिविधियों को नजरअंदाज किया जा रहा था। उदेईखुर्द के अलावा, टोकसी, पीलोदा, नौगांव, बामन बड़ौदा, खूंटला सलौना, उदेईकला, खण्डीप, जीवली, बगलाई और शिवाला सहित 10 अन्य ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारियों को भी स्वच्छता में लापरवाही के लिए 17 सीसीए के तहत नोटिस जारी किए गए हैं। विकास अधिकारी डॉ. जगदीश गुर्जर ने बताया कि इन निरीक्षणों का मुख्य उद्देश्य पंचायतों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

### बलिदान दिवस मनाया

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। महवा रोड स्थित जाटव छात्रावास में 2 अप्रैल 2018 भारत बंद आंदोलन के दौरान शहीद हुए वीरों की स्मृति में बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जाटव समाज के प्रबुद्ध जनों ने एकत्रित होकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों के बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि / एक्ट की बहाली के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले इन वीरों का त्याग समाज के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। सभा में समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने एकजुटता, समानता और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वीर शहीद अमर रहें के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर रामप्रसाद ,कमल महमदपुरिया,रामोतार ढिंढोरा, देशराज नागरिया का पुरा, छल्लेश्वर धोतीवाले, नवल, धर्मसिंह बनकी , छात्र नेता सतीश बनकी, समय सिंह फौजी, प्रताप ढिंढोरा,पूरण ठेकेदार रिंकू खेड़ी हैवत प्रदेश सचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम राजस्थान सहित दर्जनों लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए रिंकू खेड़ी हैवत ने बताया कि मुख्य रूप से राजस्थान के अलवर जिले के अंतर्गत आने वाले गांव झाड़ोली के निवासी पवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजस्थान का शहीद है जिसमें 21 वर्ष की उम्र में दम तोड़ा और सामाजिक लड़ाई में कुर्बान हुए ऐसे नौजवान विरले ही मिलते है । उनका ये बलिदान समाज के युवाओं के प्रेरणा का स्त्रोत है।

### छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**करौली,** (निसं)। शिवा एकैडमी विद्यालय के कक्षा बारहवीं और आठवीं मैं अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का विद्यालय प्रबंधन और क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। विद्यालय के निदेशक सुधीर नायर ने बताया कि 12वीं कक्षा में 90 से अधिक अंक बनने वाले 40 छात्रों और आठवीं कक्षा में ए ठोड बनाने वाले 63 छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे जिनके द्वारा छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेटकर और माला पहनाकर भव्य सम्मान किया गया सम्मान समझ में उपस्थित छात्र-छात्राओं और अभिभावकों संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में आगे है उन्होंने कहा कि यह विद्यालय विगत 35 वर्षों से संचालित है जिसको मैं भली भांति से जानता हूं उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में उच्च स्तरीय शिक्षण व्यवस्था है इसमें प्रतिवर्ष छात्र-छात्राएं अच्छे अंकों से निकलकर भविष्य बना रहे हैं उन्होंने यह भी कहा कि यह विद्यालय अनुशासन की दृष्टि से देखा जाए तो इसमें अध्यनरत छात्र-छात्राएं बहुत अनुशासित निकलते हैं इस अवसर पर विद्यालय निदेशक सुधीर नायर छात्र-छात्राओं के अभिभावकों का भी अभिनंदन किया एवं अभिभावको ने भी विद्यालय प्रबंधन का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए कहा यह विद्यालय हर वर्ष प्रणाम दे रहा है इस मौके पर विद्यालय निर्देशक सुधीर नायर और विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने सीमा बंसल अन्नू गुप्ता चंद्र प्रकाश गुप्ता अदिति गुप्ता मानवी गुप्ता हर्ष मीणा निया गुप्ता दिया कुमारी आदि छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए और माला पहनाकर सम्मान किया।

### चोर ने नकदी पर किया हाथ साफ

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। माल गोदाम रोड स्थित एक मेडिकल एंड जनरल स्टोर पर गुरुवार सुबह दिनदहाड़े चोरी की घटना होने से सनसनी फैल गई। एक चोर दुकान के काउंटर से करीब 10 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गया। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकान से जुड़े मनीष कुमार राजपूत ने बताया कि सुबह लगभग 9.15 बजे वे दुकान खोलकर पास ही अपने घर दूध देने गया था। इसी दौरान एक अज्ञात युवक दुकान में घुसा और काउंटर में रखी नकदी लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर दुकान मालिक दीपक सिंह नरूका मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत कोतवाली थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी और चोरी के संबंध में प्रार्थना पत्र सौंपा। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराई गई है, जिसमें आरोपी चोरी करते हुए स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से स्थानीय व्यापारियों और आमजन में चिंता बढ़ गई है। लोगों ने सुबह के समय ऐसी घटना होने पर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया

**भरतपुर,** (निसं)। भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष रमन सिंह कसौदा के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी भरतपुर का औचक निरीक्षण किया किसानों की फसल की तुलाई ज्यादा मात्रा में तोलते पल्लेदार मिले किसान संघ के सदस्यों ने वारदाना खाली कट्टे का वजन तोल किया वजन तोल में अन्तर मिला किसान संघ ने इसका विरोध किया तो आढ़तिया दुकानदार को जब बताया गया तो उन्होंने गलती स्वीकार की मंडी सचिव को बुलाकर आढ़तियों व किसान संघ और किसानों ने चर्चा हुई बैठक में निर्णय हुआ कि आढ़तिया दुकानदार किसान कि फसल खरीद कि तुलाई वारदाना से ज्यादा नहीं करेंगे भारतीय किसान संघ जिला मंत्री लाखन सिंह अनीपुर ने बताया मोहन सिंह सेत गोपाल लवानिया राजेंद्र कसोदा मीनाक्षी चौहान सनता देवी पीतम सिंह कसौदा फौरनसिंह कंजौली लक्ष्मण सिंह गुनसारा जगदीश बुराव ई समय सिंह लोकेश अवाना भगवान सिंह मीणा भगवान सिंह सरपंच माढौनी कुमर सेन ऊदरा रामवीर गिरधरपुर सुरजीत मुढौता अमर सिंह ककलपुरा आदि किसान उपस्थित हुए।

### सार्व. निर्माण विभाग का कार्यालय कुर्क

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। कमर्शियल न्यायालय भरतपुर के आदेश पर सार्वजनिक निर्माण विभाग हिण्डौन के कार्यालय को कुर्क कर दिया गया है। नाजिर हितेश कुमार गोयल की टीम ने कार्यालय की कुर्सी, टेबल, कंप्यूटर, पंखे और अन्य फर्नीचर समेत सभी सामान कुर्क किया। यह कार्रवाई ठेकेदार फर्म मुरारी लाल को वर्ष 2005-2006 में सड़क निर्माण कार्य का भुगतान न करने से जुड़े मामले में हुई है। ठेकेदार पर विभाग का करीब 70 लाख रुपये बकाया चल रहा है। कार्यालय में अधिशासी अभियंता ललित कुमार मीणा उपस्थित नहीं मिले, इसलिए अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में कुर्की की गई। इस घटना से विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। अधिशासी अभियंता ललित कुमार मीणा ने बताया कि यह मामला टोडाभीम के अधिशासी अभियंता के के मीणा देख रहे हैं। वहीं टोडाभीम के अधिशासी अभियंता के के मीणा ने कहा कि भुगतान के लिए उच्च अधिकारियों को चेक लिस्ट भेज दी गई है। अदालत के निर्देश पर की गई यह कार्रवाई जिले भर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# हनुमान जन्मोत्सव मनाया


हनुमान जयंती पर शोभायात्रा शोभायात्रा निकाली।

**सूरौठ,** (निसं)। कस्बे में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री हनुमान चालीसा कोर कमेटी, सूरौठ के तत्वावधान में भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे नगर में सुबह से ही उत्साह, श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत एवं सम्मान किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

शोभायात्रा की शुरुआत खाकीजी हनुमान मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। शाम लगभग सवा चार बजे बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों की मधुर धुनों के बीच यात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों- भोपारिया पुरा, मैन चौराहा, मस्जिद तिराहा, सब्जी मंडी, बस स्टैंड, उदासी का बाग, बिरसा मुंडा मार्ग, सीताराम मंदिर एवं गर्ल्स स्कूल चौराहा-से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंची, जहां इसका भव्य समापन हुआ। यात्रा के दौरान सजीव एवं आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। राम दरबार और भगवान हनुमान की भव्य प्रतिमाओं ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इन झांकियों के माध्यम से भगवान हनुमान के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों और धार्मिक कथाओं का सजीव चित्रण किया गया।

# शव मिलने से फैली सनसनी

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मलारना डूंगर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन के बीच यह शव मिला, जिसकी सूचना पर राजकीय जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को गंगापुर सिटी के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

इस अवसर पर थानाधिकारी दलवीरसिंह ने बताया कि सुबह डाउन और अप मेन लाइन के बीच महिला का शव पड़ा हुआ मिला था। घटनास्थल की स्थिति को देखकर प्रारंभिक तौर पर यह आशंका जताई जा रही है कि महिला किसी चलती ट्रेन से गिरी होगी। महिला ने लाल रंग के कपड़े पहने हुए थे और दोनों हाथों में लाल चूड़ियां थीं। उसके दाहिने हाथ पर देवी का चित्र बना हुआ है और गले में काले मोतियों की माला भी मिली है। जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने मामले में मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं और आसपास के थानों में भी हुलिए के आधार पर जानकारी भेजी गई है।

# नवनिर्मित मार्बल मूर्ति प्रदर्शनी स्थल का लोकार्पण

**डीग/भरतपुर,** (निसं)। राज्य सरकार की एक जिला एक उत्पाद नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अंचल की पारंपरिक कला को प्रोत्साहन प्रदान करने के संकल्प के क्रम में, गुरुवार को डीग में विकास और आस्था का एक अभूतपूर्व त्रिवेणी संगम दृष्टिगोचर हुआ। राजस्थान सरकार के गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म एवं डीग-कुम्हेर क्षेत्र के विधायक डॉ. शैलेष सिंह ने नगर परिषद डीग के समक्ष आयोजित पंच गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत नवनिर्मित मार्बल मूर्ति प्रदर्शनी स्थल का विधिवत लोकार्पण कर स्थानीय शिल्पकारों और हस्तशिल्प को एक आधुनिक एवं गौरवशाली मंच प्रदान किया।

लोकार्पण समारोह के उपरांत जनप्रतिनिधियों ने लक्ष्मण मंदिर से प्रारंभ हुई श्री हनुमान जन्मोत्सव की भव्य शोभायात्रा में श्रद्धापूर्वक सम्मिलित होकर अंचल की आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ किया। लोकार्पण समारोह के दौरान प्रदर्शित


गृह राज्य मंत्री मार्बल मूर्ति प्रदर्शनी स्थल का लोकार्पण किया।

उत्कृष्ट कलाकृतियों, विशेषकर मार्बल से निर्मित भव्य गजराज (हाथी) की प्रतिमा एवं अन्य शिल्प कौशल का अवलोकन करते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने इसे डीग की कलात्मक अस्मिता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अंचल के प्रतिभाशाली शिल्पकारों के कौशल को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पटल पर ले जाने के लिए पूर्णतः कटिबद्ध है और यह प्रदर्शनी स्थल स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। वहीं विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि डीग की मार्बल कला यहाँ की ऐतिहासिक धरोहर है और एक जिला एक उत्पाद योजना के माध्यम से शिल्पकारों के आर्थिक उत्थान और कला के संरक्षण हेतु ठोस प्रशासनिक कदम उठाए जा रहे हैं।

# विधायक डॉ. गर्ग ने कुश्ती मैट का लोकार्पण किया

**भरतपुर,** (निसं)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने गुरुवार को हनुमान जयंती पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया और श्री चिंता हरण हनुमान सेवा समिति की ओर से श्री हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा को कला मंदिर से झंडी दिखाकर रवाना किया।

विधायक डॉक्टर गर्ग ने हनुमान जयंती के अवसर श्री वायवक्ष आश्रम पर विधायक निधि से खरीदे दिए गए करीब साढ़े 4 लाख रुपये के कुश्ती मैट का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने हनुमान जी की पूजा अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। उन्होंने पहलवानों का हौसला अफजाई कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आधुनिक अखाड़े के माध्यम से कुश्तियां की बारीकियों को सीखने का मौका मिलेगा। इसके अलावा डॉ. सुभाष गर्ग ने रणजीत नगर स्थित दुर्गा मंदिर पर हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भी भाग लेकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कला मंदिर से श्री चिंता हरण सेवा समिति की ओर से गुरुवार की शाम को निकाली गई हनुमान जी की शोभायात्रा को भी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# सरकारी स्कूल की आठ छात्राएं करेंगी हवाई यात्रा



प्रतिभाशाली छात्राओ का सम्मान करते लायन्स क्लब सदस्य।

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल, कल्याण जी गेट की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 12 कला वर्ग की आठ छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जबकि कक्षा 10 की छात्रा लवी सोनी ने 96.33 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। इन प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित करने के लिए लायंस क्लब गरिमा ने एक अनूठी पहल की है। क्लब इन आठ छात्राओं को जयपुर से दिल्ली तक की हवाई यात्रा कराएगा। लायंस क्लब गरिमा पिछले आठ वर्षों से इस स्कूल को गोद लिए हुए है। क्लब छात्राओं को पुस्तकें, ड्रेस और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराता रहा है। पिछले दो वर्षों से 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को हवाई यात्रा का अवसर दिया जा रहा है। अब तक नौ छात्राएं इस अनुभव का लाभ उठा चुकी हैं। छात्राओं की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शहर में एक विजय जुलूस निकाला गया। यह जुलूस कल्याण जी मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजारों से होता हुआ स्कूल पहुंचा। रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई, आतिशबाजी की गई और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। आमतौर पर निजी स्कूलों के परिणामों पर ऐसा उत्साह देखने को मिलता है, लेकिन इस बार सरकारी स्कूल की छात्राओं के सम्मान में शहर उमड़ पड़ा।

# हनुमान जयन्ती पर मंदिरों में रही भीड़, झांकियां रही आकर्षक का केंद्र

**गंगापुर सिटी,** (निसं)।उपखण्ड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को हनुमान जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड और भंडारों का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर इस बार हस्त नक्षत्र और ध्रुव योग का विशेष संयोग भी बना। शहर के दशहरा मैदान स्थित महिदास के बालाजी मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा कैलाश टॉकीज, फव्वारा

■ श्रीराम व हनुमान के जयकारो से गुंजा शहर,मनोरथ सिद्ध बालाजी मंदिर से निकाली पदयात्रा

चौक और नया बाजार सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस महिदास के बालाजी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु बालाजी महाराज के जयकारे लगाते हुए भजन-कीर्तन करते और उत्साह के साथ चल रहे थे।

चौक वाले बालाजी मंदिर में 2 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें सुंदरकांड पाठ, रुद्राभिषेक,


बालाजी चौक पर सजा फूल बंगला झांकी।

छप्पन भोग और फूल बंगला झांकी शामिल थी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

वहीं ममलेश्वर महादेव मंदिर पर भी हनुमान जयन्ती के अवसर पर बालाजी महाराज के चौला चढाया गया एवं शाम को सभी ने सामूहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ कर प्रसादी का वितरण किया। उदेई मोड़ स्थित मनोरथ सिद्ध बालाजी मंदिर से भी गाजे-बाजे के साथ एक रथयात्रा निकाली गई। इसके अतिरिक्त, टोकसी खेड़ा बालाजी के लिए एक पदयात्रा का आयोजन किया गया, जहां पहुंचकर भजन संध्या, महाआरती और भंडारे का आयोजन हुआ।

शहर के अन्य मंदिरों जैसे मनोरथ हनुमान जी मंदिर, बंदरिया का बालाजी मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, उघाड़मल बालाजी और पंचमुखी हनुमान जी मंदिर में भी दिनभर धार्मिक आयोजन चलते रहे। गो-सेवा समिति ने विभिन्न गोशालाओं में पूजा-अर्चना और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इन सभी आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और धर्म लाभ प्राप्त किया।